(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस कार्य योजना को कब तक लागू कर दिया जाएगा ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कमल नाथ): (क) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पिछले वर्षों से देश के कुछ प्रमुख नदी बेसिनों के प्रदूषण भार की निगरानी करने के लिए अध्ययन करता रहा है। इन अध्ययनों से पता चलता है कि पिछले वर्षों के दौरान 14 प्रमुख नदियों में से अधिकांश अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही हैं। कुछ प्रमुख नदियों के 13 घोर प्रदूषित क्षेत्रों और 5 कम प्रदूषित क्षेत्रों को उनके प्रदूषण भार के अनुसार अभिनिर्धारित किया गया है।

(ख) से (घ) देश की प्रमुख नदियों के अभिनिर्धारित घोर प्रदूषित क्षेत्रों की सफाई करने के लिए एक राष्ट्रीय नदी कार्य-योजना तैयार की जा रही है। इस सम्बन्ध में विवरणों का ब्यौरा तैयार किया जा रहा है।

Floating of project specific bonds by Maharashtra Government

1360. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government of Maharashtra have sent proposals for seeking permission to float project specific bonds; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) and (b) Yes, Sir. The Maharashtra Government have sent a proposal for permitting the State Government to float project specific bonds to raise additional resources of about Rs. 750 crores during the Eighth Plan period for financing irrigation projects in the state.

देश में कार्य कर रहे विदेशी बैंक

1361. **श्री राम जेठमलानी** : क्या वित्त मंत्री 16 जुलाई, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 166 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि देश में अनेक विदेशी बैंक कार्य कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91 में इन विदेशी बैंकों की कुल संख्या कितनी थी और उन बैंकों की संख्या कितना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह): (क) जी, हां।

(ख) उन बैंकों की संख्या जिनकी शाखाएं और प्रतिनिधि कार्यालय वर्ष 1990 और 1991 के दौरान विद्यमान थे, निम्नलिखित हैं :-

जून को समाप्त वर्ष

	1990	1991
1. विदेशी बैंकों की संख्या .	22	24
2. शाखाओं की संख्या	138	140
3. प्रतिनिधि कार्यालयों वाले विदेशी बैंकों की संख्या .	20	21
4. प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या .	22	23

कोई विदेशी बैंक ग्रामीण क्षेत्र में काम नहीं कर रहा है।